राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा ए०आर०डी०आर० योजना के अंतर्गत दी जाने वाली राशि

1966. **श्री रामसिंह राठवा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा गुजरात सरकार को प्रतिपूर्ति-राशि का भुगतान अभी भी किया जाना है तथा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा ए०आर०डी०आर० योजना, 1990 के अंतर्गत गुजरात सरकार को इतनी ही धन-राशि का ऋण दिया जाना अभी भी लम्बित है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके क्या कारण हैं; और

(घ) प्रतिपूर्ति-राशि का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) और (ख) जी, हां। गुजरात में सहकारी बैंकों द्वारा कृषि और ग्रामीण ऋण राहत (एआरडीआर) योजना 1990 के अन्तर्गत दायर किये गए दावों और उनके लिए अब तक जारी राशि का विवरण नीचे दिया गया है :—

(करोड़ रुपए)

	राज्य सहकारी बैंक (एससीबी)	राज्य भूमि विकास बैंक (एसएल-डीबी)
दायर किए गए दावे	302.63	48.90
मंजूर की गई राशि		
मंजूर	127.74	20.82
ऋण	127.74	20.82
योग	255.48	41.64
निपटाने के लिए शेष	47.15	7.26

(ग) और (घ) नाबार्ड द्वारा एससीबी/एसएलडीबी से अपील राशि को छोड़ने के पश्चात संशोधित दावा विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया था और सभी से संशोधित दावे प्राप्त नहीं हुए हैं। संशोधित दावों की प्राप्ति के बाद शेष राशि जारी करने पर विचार किया जाएगा।

Loans Advanced by Bank of Maharashtra

1967. SHRI SATISH PRADHAN: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Bank of Maharashtra, Nariman Point Branch has advanced Rs. 95 lakhs to Race Shipping; if so, what are the details thereof;

(b) whether this advance was made without completion of documentation to accommodate ex-chairman of Vijaya Bank who is currently enjoying the position of Director in the Race Shipping; and

(c) whether it is also a fact that the branch manager who need not accommodate the advance payment to Race Shipping was transferred as punitive action?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): (a) to (c) In